आज समाज 09/04/2026

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की कवरेज हेतु छात्राओं का सम्मान

स्टूडेंट को सम्मानित करते हुए।

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने वर्ष 2026 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान उत्कृष्ट कवरेज के लिए जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल एवं उनकी देखरेख में कार्यरत छात्राओं का सम्मान किया। बीबीए तृतीय वर्ष की महक, बीए प्रथम वर्ष की तानिया, बीएससी प्रथम वर्ष की हिमानी, तथा बीसीए (एआई) प्रथम वर्ष की प्रिया ने अपनी बेहतरीन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के माध्यम से पूरे आयोजन को जीवंत बनाया। उनके तकनीकी कौशल और रचनात्मक दृष्टिकोण ने खेलकूद के हर रोमांचक पल को डिजिटल स्मृतियों में सुरक्षित किया। कॉलेज प्रशासन ने उनकी कवरेज को असाधारण और पेशेवर स्तर का बताया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्राओं को प्रशंसा पत्र सौंपते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। इस प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम हैं।

डॉ. दत्त ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी इस प्रतिभा को भविष्य में करियर के रूप में भी विकसित कर सकती हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह-प्राध्यापक डॉ. ब्रिजेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता में पर्दे के पीछे कार्य करने वाले साइलेंट हीरोज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और जनसंचार विभाग के सहयोग की सराहना की और छात्राओं के तकनीक और कला के क्षेत्र में योगदान पर हर्ष व्यक्त किया।